दिनांक : 27.10.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की होगी शुरूआत।
- मुख्यमंत्री ने इन्दौर में खाद्य एवं औषधी परीक्षण प्रयोगशाला का किया लोकार्पण।
- शासकीय विद्यालयों में कल से होगी सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज की शुरूआत।
- प्रदेश में कई स्थानों पर उल्लास के साथ मनाया जा रहा है छठ पर्व।

**निर्वाचन आयोग - पुनरीक्षण**

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली में कहा कि इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में एसआईआर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि **जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर किया जाएगा, वहां मतदाता सूचियां आज आधी रात से फ्रीज कर दी जाएंगी।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पुनरीक्षण के पहले चरण में चुनाव निकाय को कोई अपील प्राप्त नहीं हुई।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि **इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बूथ स्तर अधिकारी - बीएलओ मौजूदा मतदाताओं को विशिष्ट गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। उन्होने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में थे, उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं हैं लेकिन उनके माता-पिता के नाम उस सूची में शामिल हैं उन्हें भी अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।**

**प्रधानमंत्री - एकता दौड़**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पूरे देश में एकता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से इसमें भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल तथा उनके अखंड भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने का आग्रह किया है।

**मुख्यमंत्री इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर स्थित तलावली चांदा, सांवेर में 8 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला खाद्य पदार्थों और औषधियों की गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएगी, जिससे नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नंदा नगर गोल स्कूल में आयोजित महाराज राजेन्द्र दास जी की कथा कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री मेघदूत गार्डन में छठ पूजन के कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**स्थापना दिवस**

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर एक से तीन नवम्बर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्य कार्यक्रम एक नवम्बर को भोपाल के लाल परेड मैदान पर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में "विकसित मध्यप्रदेश @2047" दृष्टि पत्र का विमोचन, एमपीई-सेवा एवं 'इन्वेस्ट एमपी' पोर्टल का शुभारम्भ होगा। 2 एवं 3 नवम्बर को स्व-सहायता समूह एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित शिल्पियों की 'आर्ट एण्ड क्राफ्ट' प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की बहुआयामी कला-संस्कृति का लोकव्यापीकरण और मंचीय कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन एवं सुगम संगीत का कार्यक्रम होगा। मध्यप्रदेश के विकास पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर होगा।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, और इससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल

रहा है। शहडोल के अंकुर और तेजा ग्राहक ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये हैं...

**जनजातीय गौरव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए। उन्होंने एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन करने को कहा है। मुख्यमंत्री आज भोपाल में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं।

**अनुगूंज**

विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम "अनुगूंज" का आयोजन कल भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अनुगूँज के प्रथम भाग 'धनक' के अंतर्गत वाद्य संगीत के साथ ही भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियाँ होंगी। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से शासकीय विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति को नए सोपान देने का प्रयास अनुगूँज में किया है।

**अवर सचिव दौरा**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में अंडर सेक्रेट्री वित कीर्ती गुप्ता ने आज भोपाल के आकाशवाणी और दूरदर्शन परिसर का दौरा किया। देश भर में 2 अक्तूबर से जारी स्वच्छता अभियान 5.0 के कार्यान्वयन चरण की प्रगति का उन्होंने जायजा लिया। इस दौरान आकाशवाणी प्रमुख उपमहानिदेशक यशवंत चिवड़े ने उन्हें अभियान की जानकारी दी। श्रीमती गुप्ता ने आकाशवाणी परिसर में स्वच्छता की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया।

**कोदो कुटकी**

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है।

**संगोष्ठी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के वीथी संकुल, मुक्ताकाश में जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**शुन्य ब्याज**

राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिये सहकारी बैंकों के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण देने की योजना को निरंतर रखने का निर्णय लिया है।

**छठ त्यौहार**

प्रदेश में भी आस्था, श्रद्धा और शुद्धता के प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व का तीसरा दिन आज पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। खरना के उपरांत आरंभ हुए 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद हजारों पूर्वांचलवासी श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की । इंदौर, भोपाल नर्मदापुरम सहित विभिन्न शहरों में छठ पर्व का सार्वजनिक आयोजन हुए।

**समाचार संक्षेप में** :–

- अशोकनगर ज़िले के बामनवर के पास 25 अक्टूबर को जलती बस से 45 यात्रियों को सुरक्षित निकालने वाले प्रधान आरक्षक अरविंद रघुवंशी को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने 10 हजार रूपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधान आरक्षक श्री रघुवंशी की प्रशंसा की।
- नीमच में रामपुरा परिषद द्वारा लालातलाई मैदान पर एक से 10 नवम्बर 5 तक श्री गंगामाता शंखोद्धार मेले का आयोजन किया जाएगा।

- कटनी मे प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत तीन स्थलों में आज से 31 अक्टूबर तक आवास–मेला शुरु हुआ।
- खंडवा में तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर के ब्रम्हपुरी घाट पर आज नाविक संघ के प्रतिनिधियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया।
- सोयाबीन भावांतर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अशोकनगर कलेक्टर द्वारा क्रियान्वयन समिति का गठन किया है।
- प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर बादल छाये रहे। मौसम विभाग ने राजगढ़, आगर सहित 10 जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————